मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल डाक परिमंडल, के पत्र क्रमांक 22/153, दिनांक 10-1-06 द्वारा पूर्व भुगतान योजनान्तर्गत डाक व्यय की पूर्व अदायगी डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत.

पंजी. क्रमांक भोपाल डिवीजन म. प्र.-108-भोपाल-09-11.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 290] भोपाल, गुरुवार, दिनांक 20 मई 2010—वैशाख 30, शक 1932

नर्मदा घाटी विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 20 मई 2010

क्र. एफ-31-03-2010-सत्ताईस-1.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एस.एल.पी. क्र. 34065/09-मध्यप्रदेश शासन विरुद्ध मेघा पाटकर एवं अन्य में पारित आदेश, दिनांक 5 मई 2010 के परिपालन में इंदिरा सागर एवं ओंकारेश्वर परियोजना की नहरों से प्रभावित ऐसे खातेदारों जिनकी 60 प्रतिशत या इससे अधिक भूमि अर्जित कर ली गई है (हार्डशिप प्रकरण), के लिये घोषित विशेष मुआवजा पैकेज के क्रियान्वयन संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु नर्मदा संकुल परियोजनाओं के लिये गठित शिकायत निवारण प्राधिकरण को प्राधिकृत करते हुये उसके कार्यक्षेत्र का विस्तार करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. श्रीवास्तव, उपसचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2010.